# 21 राजस्थान का एकीकरण

1. मत्स्य संघ में कौन से राज्य सम्मिलित थे?
(1) अलवर, कोटा, धौलपुर, करौली
(2) धौलपुर, भरतपुर, जयपुर, करौली
(3) भरतपुर, अलवर, करौली, सवाईमाधोपुर
**(4) अलवर, धौलपुर, भरतपुर, करौली** (4)
**व्याख्या–** 18 मार्च, 1948 को मत्स्य संघ का गठन किया गया। जिसमें अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली व नीमराणा ठिकाना को सम्मिलित किया गया।

2. एकीकरण के समय निम्न में से कौन सा 'ठिकाना' नहीं कहलाता था?
(1) लावा (2) कुशलगढ़
**(3) शाहपुरा** (4) नीमराणा (3)
**व्याख्या–** एकीकरण के समय राजस्थान में नीमराणा, कुशलगढ़ व लावा तीन ठिकाने थे।

3. अप्रैल 1948 को गठित 'संयुक्त राजस्थान' के प्रधानमंत्री व राजप्रमुख क्रमश: कौन थे?
(1) हीरालाल शास्त्री, महाराणा भूपाल सिंह
(2) गोकुललाल असावा, महाराव भीमसिंह
**(3) माणिक्यलाल वर्मा, महाराणा भूपालसिंह**
(4) शोभाराम कुमावत, उदयभान सिंह (3)

4. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् राजस्थान के बारे निम्न में से कौनसा विकल्प सत्य है?
**(1)19 रियासते, 3 ठिकाने, 1 केन्द्रशासित प्रदेश**
(2) 19 रियासतें, 2 ठिकाने, 1 केन्द्रशासित प्रदेश
(3) 18 रियासते, 3 ठिकाने, 1 केन्द्रशासित प्रदेश
(4) 18 रियासते, 2 ठिकाने, 1 केन्द्रशासित प्रदेश (1)

5. राजस्थान किस श्रेणी का राज्य था?
(1) 'ए' श्रेणी **(2)'बी' श्रेणी**
(3)'सी' श्रेणी (4) 'डी' श्रेणी (2)

6. राजस्थान के एकीकरण के सप्तम चरण (1 नवम्बर, 1956) के दौरान कोटा जिले के किस क्षेत्र को मध्यप्रदेश में मिलाया गया?
(1) मंदसौर (2) सुनेलटप्पा
**(3)सिरोंज** (4) मेरवाड़ा (3)
**व्याख्या–** राजस्थान एकीकरण के सप्तम चरण के दौरान मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले की मानपुरा तहसील का सुनेल टप्पा गाँव (वर्तमान झालावाड़ जिले में) का विलय राजस्थान में किया गया तथा कोटा जिले का सिरोंज क्षेत्र मध्यप्रदेश का दिया गया।

7. कौन से संविधान संशोधन द्वारा 'ए', 'बी' व 'सी' श्रेणी का भेदभाव समाप्त कर राज्य व केन्द्रशासित प्रदेश कर दिया गया तथा राजप्रमुख के स्थान पर राज्यपाल पद सृजित हुआ?
(1) 10वां संशोधन **(2) 7वां संशोधन**
(3) 13वां संशोधन (4) 12वां संशोधन (2)
**व्याख्या–** सातवाँ संविधान संशोधन 1956 के द्वारा ए.बी.सी. श्रेणी का भेदभाव समाप्त कर इन्हें राज्य व केन्द्रशासित प्रदेश कर दिया तथा राजप्रमुख के स्थान पर राज्यपाल पद सृजित किया गया।

8. वृहत् राजस्थान का उद्घाटन किसके कर–कमलों से हुआ था?
**(1) सरदार वल्लभ भाई पटेल** (2) वी.एन. गाडगिल
(3) पं. जवाहर लाल नेहरु (4) लॉर्ड माउण्टबैटन (1)
**व्याख्या–** 30 मार्च, 1949 को वृहत् राजस्थान का उद्घाटन सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा किया गया।

9. कोटा के महाराव भीमसिंह कौनसा संघ बनाना चाहते थे?
(1) कोटा संघ **(2) हाड़ौती संघ**
(3) राजस्थान संघ (4) यूनियन स्टेट (2)

10. राजस्थान एकीकरण के दौर में मत्स्य संघ कब अस्तित्व में आया?
**(1) 18 मार्च, 1948** (2) 25 मार्च, 1948
(3) 19 अप्रैल, 1948 (4) 30 मार्च, 1949 (1)

11. राजस्थान की किस रियासत ने भारत संघ में विलय हेतु विलय पत्र पर राज्य में सबसे अंत में हस्ताक्षर किए?
**(1) धौलपुर** (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) अजमेर (1)
**व्याख्या–** राजस्थान में रियासती विलय पत्र पर सबसे अंतिम हस्ताक्षर धौलपुर के शासक उदयभान सिंह ने 14 अगस्त, 1947 को किए।

12. जोधपुर के कौनसे राजा अपनी रियासत को एक स्वतंत्र इकाई रखना चाहते थे?
**(1) राजा हनुवन्त सिंह**
(2) महाराजा उम्मेदसिंह
(3) महाराजा भोपालसिंह
(4) महाराजा भीमसिंह (1)

13. मत्स्य संघ में कौनसा राज्य सम्मिलित नहीं था?
(1) अलवर **(2) झालावाड़**
(3) भरतपुर (4) करौली (2)
**व्याख्या–**18 मार्च,1948 को गठित मत्स्य संघ में अलवर,भरतपुर, धौलपुर व करौली को सम्मिलित किया गया।

14. रियासतों से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए 'रियासती विभाग' की स्थापना कब की गई थी?
(1) 15 अगस्त, 1947 **(2) 5 जुलाई, 1947**
(3) 26 जनवरी, 1950 (4) 31 जुलाई 1947 (2)

15. राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में पूर्ण हुआ था?
(1) 5 चरणों में (2) 9 चरणों में
**(3) 7 चरणों में** (4) 6 चरणों में (3)
**व्याख्या–** राजस्थान के एकीकरण की प्रक्रिया 18 मार्च, 1948 से प्रारम्भ होकर 1 नवम्बर, 1956 तक 7 चरणों में पूर्ण हुई।

16. कौनसा कूट सुमेलित नहीं है?

| (एकीकरण के चरण) | | (एकीकरण दिनांक) |
|---|---|---|
| A. प्रथम चरण | – | 18 मार्च 1948 |
| B. पंचम चरण | – | 15 मई 1948 |
| C. तृतीय चरण | – | 18 अप्रैल 1948 |
| D. षष्ठ चरण | – | 26 जनवरी 1950 |

(B)

**व्याख्या–** राजस्थान के एकीकरण के पंचम चरण का गठन 15 मई 1949 को हुआ था।

17. देशी रियासत, जो 25 मार्च 1948 को गठित 'पूर्व राजस्थान' का हिस्सा नहीं थी?
(1) बूँदी (2) शाहपुरा
(3) कोटा (4) उदयपुर (4)

**व्याख्या–** 25 मार्च, 1948 को गठित पूर्व राजस्थान/राजस्थान संघ में कोटा, डूँगरपुर, झालावाड़, बूँदी, टोंक, बाँसवाड़ा, किशनगढ़, प्रतापगढ़, शाहपुरा, व कुशलगढ़ को शामिल किय गया था।

18. राजस्थान एकीकरण के प्रथम चरण (मत्स्य संघ) में किस ठिकानें को शामिल किया गया था?
(1) कुशलगढ़ (2) लावा
(3) नीमराणा (4) इनमें से कोई नहीं (3)

19. कोटा, बूँदी और झालावाड़ राज्यों को मिलाकर एक संयुक्त राज्य 'हाड़ौती संघ' बनाने के इच्छुक थे?
(1) महाराव भीमसिंह (2) महारावल लक्ष्मणसिंह
(3) महाराणा भूपालसिंह (4) महाराव बहादूर सिंह (1)

20. राजस्थान के एकीकरण के समय कौनसा ठिकाना क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा ठिकाना था?
(1) लावा (2) कुशलगढ़
(3) नीमराणा (4) शाहपुरा (2)

21. 'हाथल गाँव' का संबंध राजस्थान के एकीकरण में कौनसी रियासत से जुड़ा है?
(1) झालावाड़ (2) प्रतापगढ़
(3) किशनगढ़ (4) सिरोही (4)

22. राजस्थान एकीकरण के तीसरे चरण को किस नाम से जाना जाता है?
(1) राजस्थान संघ (2) वृहद राजस्थान
(3) पूर्व राजस्थान (4) संयुक्त राजस्थान (4)

23. शंकरराव देव समिति का गठन धौलपुर एवं भरतपुर राज्यों की जनता की राय जानने के लिए किया गया था। इस समिति में अध्यक्ष सहित कितने सदस्य थे?
(1) चार (2) दो
(3) पाँच (4) तीन (4)

**व्याख्या–** रियासती विभाग ने भरतपुर व धौलपुर की जनता की राय की जानने के लिए शंकरराव देव समिति का गठन किया। इस समिति के अन्य सदस्य प्रभूदयाल व आर.के. सिद्धावा थे। इसमें अध्यक्ष सहित कुल तीन सदस्य थे।

24. राजस्थान संघ का निर्माण 25 मार्च 1948 को हुआ। इसमें राजप्रमुख किसे बनाया गया?
(1) करौली के महाराजा (2) धौलपुर के महाराजा
(3) सिरोही के महाराजा (4) कोटा के महाराव (4)

**व्याख्या–**इस चरण मे 9 रियासतों कोटा, बूँदी, झालावाड़, बाँसवाड़ा, टोंक, प्रतापगढ़, किशनगढ़, डूँगरपुर और शाहपुरा व 1 ठिकाने कुशलगढ़ को मिलाकर 25 मार्च 1948 को 'राजस्थान संघ' बनाया गया। इस संघ का राजप्रमुख कोटा के महाराव भीमसिंह को बनाया गया।

25. राजस्थान के एकीकरण से संबंधित कौन–सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(1) झालावाड़, बूँदी, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, कोटा, प्रतापगढ़, टोंक, शाहपुरा व कुशलगढ़ – राजस्थान संघ
(2) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली – मत्स्य संघ
(3) राजस्थान संघ व उदयपुर – संयुक्त राजस्थान
(4) संयुक्त राजस्थान व मत्स्य संघ – वृहत् राजस्थान (4)

**व्याख्या–** संयुक्त राजस्थान व जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर व बीकानेर और लावा ठिकाने को मिलाकर 'वृहत् राजस्थान' का निर्माण किया गया था।

26. 25 मार्च 1948 को 'पूर्व राजस्थान' में जिस रियासत का विलय हुआ, वह थी?
(1) सिरोही (2) प्रतापगढ़
(3) अलवर (4) भरतपुर (2)

27. 25 मार्च 1948 को गठित 'राजस्थान संघ' का उपराजप्रमुख किसे बनाया गया था?
(1) गोकुल लाल असावा (2) बहादुरसिंह
(3) भीमसिंह (4) भूपालसिंह (2)

**व्याख्या–** 25 मार्च, 1948 को गठित राजस्थान संघ का उपराजप्रमुख बूँदी शासक बहादुर सिंह को बनाया गया।

28. वृहत राजस्थान राज्य की स्थापना के समय इसकी राजधानी थी?
(1) अजमेर (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) उदयपुर (2)

29. टॉडगढ़ को राजस्थान में कब सम्मिलित किया गया?
(1) 1950 ई. (2) 1949 ई.
(3) 1948 ई. (4) 1956 ई. (4)

30. किसने माउंट आबू के राजस्थान में विलय में महत्वपूर्ण योगदान दिया?
(1) हीरालाल शास्त्री (2) विश्वमोहन भट्ट
(3) जयनारायण व्यास (4) गोकुलभाई भट्ट (4)

31. राजस्थान की रियासतों के एकीकरण के समय जोधपुर राज्य का महाराजा कौन था?
(1) गजसिंह (2) विजय सिंह
(3) अजीत सिंह (4) हनुवंत सिंह (4)

32. राजस्थान के एकीकरण के समय झालावाड़ का शासक कौन था?
(1) महाराजा तेजसिंह (2) हरिशचंद्र बहादुर
(3) महारावल लक्ष्मण सिंह (4) गिरधर सिंह (2)

33. राजस्थान राज्य का वर्तमान स्वरूप जिस तारीख से है, वह है?
(1) 15 अगस्त 1947 (2) 26 जनवरी 1950
(3) 1 नवम्बर, 1956 (4) 30 मार्च 1949 (3)

**व्याख्या–** सप्तम चरण के अंतर्गत राजस्थान अपने वर्तमान स्वरूप में आया। 1 नवम्बर 1956 को केन्द्रशासित सिरोही का पूरा भाग, अजमेर-मेरवाड़ा, आबू-देलवाड़ा,राजस्थान में मिलाया गया।

34. एकीकरण के समय किस मारवाड़ नरेश ने पाकिस्तान मे मिलने का प्रयास किया?
(1) उम्मेद सिंह (2) जसवंत सिंह
(3) हनुवंत सिंह (4) अजीत सिंह (3)

**व्याख्या–** एकीकरण के समय मारवाड़ नरेश हनुवंत सिंह ने पाकिस्तान में मिलने का प्रयास किया। इस हेतु इन्होंने भोपाल के नवाब जिन्ना से मुलाकात की थी।

35. राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया था?
(1) फजल अली (2) हीरालाल शास्त्री
(3) जवाहरलाल नेहरू (4) माणिक्यलाल वर्मा (1)

**व्याख्या–** राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन 22 दिसम्बर, 1953 को न्यायमूर्ति फजल अली की अध्यक्षता में किया गया। इसके सदस्य पं. हृदयनाथ कुंजरू, सरदार पन्निकर थे।

36. राजस्थान एकीकरण में भरतपुर, धौलपुर रियासतों में जनता की राय जानने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था, उस कमेटी में कौन सम्मिलित नहीं था?
(1) डॉ. शंकर राव देव (2) प्रभूदयाल
(3) एम.एस.जैन (4) आर.के. सिद्धावा (3)

**व्याख्या–** पंचम चरण के अंतर्गत एक जटिल समस्या यह थी कि अलवर व करौली राजस्थान में विलय तथा भरतपुर व धौलपुर रियासतें उत्तर प्रदेश में मिलना चाहती थी। जिसके समाधान हेतु 'शंकरराव देव समिति' का गठन किया गया तथा इस समिति की सफारिश पर मत्स्य संघ का वृहद राजस्थान में मिला दिया गया था।

37. एकीकरण के समय लावा ठिकाना जयपुर रियासत में था, वर्तमान में लावा ठिकाना किस जिले में स्थित है?
(1) टोंक (2) अलवर
(3) शाहपुरा (4) मेवाड़ (1)

38. निम्न में से किन रियासतों ने भारत छोड़ो आंदोलन 1942 के दौरान प्रजामण्डलों ने भाग नहीं लिया?
(1) बीकानेर व जैसलमेर (2) जोधपुर व टोंक
(3) जैसलमेर व जयपुर (4) भरतपुर व धौलपुर (3)

39. 25 मार्च, 1948 को हुए राजस्थान एकीकरण को क्या नाम दिया गया था?
(1) पूर्व राजस्थान (2) मत्स्य संघ
(3) संयुक्त राजस्थान (4) संयुक्त वृहद् राजस्थान (1)

40. संयुक्त वृहद् राजस्थान (15 मई, 1949) के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें–
(1) मत्स्य संघ के निर्माण के समय ही इसमें शामिल चारों राज्यों को यह स्पष्ट कर दिया था कि भविष्य में संघ को उत्तर प्रदेश या राजस्थान में शामिल किया जा सकता है।
(2) 13 फरवरी, 1949 को चारों रियासतों के शासकों व मत्स्य संघ के मंत्रियों को रियासती विभाग ने दिल्ली बुलाया और मत्स्य संघ के विलय की चर्चा की।
(3) अलवर व करौली शासकों ने राजस्थान में विलय के लिए सहमति व्यक्त की थी, लेकिन व भरतपुर व धौलपुर रियासतें उत्तर प्रदेश में मिलना चाहती थी।
(4) 30 मार्च, 1949 को मत्स्य संघ के चारों शासकों ने दिल्ली में मत्स्य संघ के वृहद् राजस्थान में विलय करने के लिए अपनी स्वीकृति दे दी। 15 अप्रैल, 1949 को मत्स्य संघ का प्रशासन वृहद् राजस्थान को हस्तांतरित कर दिया गया।
उपर्युक्त कथनों में से असत्य कथन का चयन करें–
(A) केवल 1, 4 (B) केवल 1, 2, 3
(C) केवल 4 (D) केवल 3 (C)

**व्याख्या–** 10 मई, 1949 को मत्स्य संघ के चारों शासकों ने दिल्ली में मत्स्य संघ के वृहद् राजस्थान में विलय करने के लिए अपनी स्वीकृति दे दी। 15 मई, 1949 को मत्स्य संघ का प्रशासन वृहद् राजस्थान को हस्तांतरित कर दिया गया।